

श्री एस. एस. राजामौली

Shri S.S. Rajamouli



पद्म श्री

Padma Shri



राष्ट्रपति से अलंकरण प्राप्त करते हुए

Receiving the decoration from the President

श्री एस. एस. राजामौली

श्री एस. एस. राजामौली के नाम से लोकप्रिय श्री कोडरी श्रीसैला श्री राजामौली एक प्रसिद्ध फिल्म निर्माता एवं कथाकार है। आप भारतीय सिनेमा को नए माध्यमों एवं तकनीकियों से नित नए आयामों तक पहुंचाते रहे हैं तथा आपने निरंतर "विजुअल इफैक्ट्स" तथा कम्प्यूटर जेनरेटड इमेजरी की गुणवत्ता का विकास करके उसे विश्व स्तरीय बनाने के लिए निरंतर प्रयास किया है।

2. आपका जन्म 15 जुलाई 1972 को हुआ तथा आपने अपनी इन्टरमीडिएट की परीक्षा ऐलूरा, आंध्रप्रदेश से पूरी की, जिसके पश्चात आपने प्रसिद्ध फिल्म संपादक श्री कोटोगिरी वेंकटेश्वर राव के सहायक के तौर पर कार्य किया। उसके पश्चात, आपने 6 वर्ष तक अपने पिता के साथ सहायक के रूप में कार्य किया जिसके दौरान आपने विभिन्न निर्देशकों को अपनी पटकथाएं सुनाईं।

3. आपने वर्ष 2001 में अपनी पहली फिल्म "स्टूडेन्ट नं. 1" का निर्देशन अपने पथप्रदर्शक निर्देशक श्री राघवेन्द्र राव के पर्यवेक्षण में किया जिसे व्यवसायिक तौर पर भारी सफलता मिली। अपने निर्देशन की शुरूआत के पश्चात, आपने नौ अन्य फिल्में निर्देशित की हैं जिन्हें भारी सफलता मिली तथा जिन्हें दर्शकों एवं समीक्षकों दोनों द्वारा बहुत सराहा गया। आप अपनी फिल्मों मागधीरा (2009), ईगा/नाने (2012), तथा बाहुबलीः द बिगिनिंग (2015) के लिए सबसे ज्यादा प्रसिद्ध हैं। एक ऐतिहासिक कल्पना पर आधारित फिल्म "मागधीरा" अगले पांच वर्षों में अब तक के लिए तेलुगू में सबसे अधिक धन अर्जन करने वाली फिल्म रही। इस फिल्म को समीक्षकों की बहुत प्रशंसा प्राप्त हुई तथा इसे वर्ष के 'बेस्ट कोरियोग्राफी' तथा बेस्ट स्पेशल इफेक्ट्स के लिए दो राष्ट्रीय पुरस्कार, 6 फिल्म फेयर पुरस्कार तथा नौ नन्दी पुरस्कार प्राप्त हुए। आपकी फिल्म 'लाइव एनिमेशन तथा वी एफ एक्स' वाली "इऐगा/नाना," फिल्म एक अत्यधिक जबरदस्त सफलता प्राप्त फिल्म थी जिसे 'बेस्ट फीचर फिल्म तेलुगू' तथा "बेस्ट विजुअल इफैक्ट्स" के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस फिल्म को मलयालम तथा हिन्दी में डब किया गया और जिसे 16वें संघाई फिल्म फेस्टिवल तथा मैड्रिड इन्टरनेशनल फिल्म फेस्टिवल सहित कई अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में प्रदर्शित किया गया।

4. आप वर्तमान में दो भाग वाली एक फिल्म बाहुबली का निर्देशन कर रहे हैं जिसकी निर्माण समयावधि पांच वर्ष है। यह वर्तमान समय की भारत की सबसे अधिक तकनीकी रूप से विकसित तथा चुनौतीपूर्ण फिल्म है। इस फिल्म का पहला भाग वर्ष 2015 में हिन्दी, तेलुगू, तमिल तथा मलयालम में जारी हुआ तथा यह भारत की अब तक की सबसे अधिक धन अर्जन करने वाली फिल्म बन गई। इस फिल्म को पूरे विश्व के प्रसिद्ध फिल्म समारोहों में प्रदर्शित किया गया। इसके भाग–।। का निर्माण अभी चल रहा है तथा इसको वर्ष 2017 में जारी किया जाना है।

Shri S.S. Rajamouli

Shri Koduri Srisaila Sri Rajamouli, popularly known as S.S. Rajamouli, is a famous Indian film director and screenwriter. He is known to push the boundaries of Indian cinema with innovation and technology and has consistently endeavoured to surpass the quality of Visual Effects (VFX) and Computer Generated Imagery (CGI) in his films to be on par with the best in the world.

2. Born on July 15th, 1972, Shri Rajamouli completed his intermediate in Elura, A.P., after which he worked as an assistant to Shri Kotogiri Venkateswara Rao, a renowned film editor. Later on, he worked as an assistant for his father for 6 years, during which time he narrated several of his stories to various directors.

3. Shri Rajamouli directed his first film "Student No. 1" in 2001, under the supervision of his mentor, director K. Raghavendra Rao, which went onto become a huge commercial success. After his directorial debut, he has directed nine other films, all of which were extremely successful blockbusters and were very well received by audiences and critics alike. He is best known for his works "Magadheera" (2009), "Eega"/"NaanEe"(2012), and "Bahubali: The Beginning"(2015). Magadheera", a historical fiction film stood to be the highest grossing Telugu film of all time for the next 5 years. The film garnered much critical acclaim, winning 2 National Awards for Best Choreography and Best Special Effects, 6 Filmfare Awards, 9 Nandi Awards that year. His "Eaga"/"NaanEe", a fantasy film with live action animation and VFX, was an exceptional blockbuster hit, collecting the National Award for Best Feature Film Telugu and Best Visual Effects. Dubbed into Malayalam and Hindi, the film featured at several international film festivals including the 16th Shanghai Film Festival and the Madrid International Film Festival.

4. Shri Rajamouli is currently directing a two part film project titled "Bahubali" spanning five years. It is India's biggest, technically advanced and highly challenging project in recent times. Part I of this project was released in 2015 in Hindi, Telugu, Tamil and Malayalam and went on to become the highest grossing film of all time in India. The film has featured in major film festivals around the world. Part II is currently in production and is scheduled to release in 2017.